फर्द अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी, जैतारण (पाली)

हरिराम पुत्र पुकाराम बनाम तहसीलदार

किस्म मुकदमा :– राजस्व वाद, नम्बर :–114/2023

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हक हुक्म की तामील में जारी हुए
13.06.23	प्रार्थी उपस्थित। राज्य सरकार द्वारा आयोजित प्रशासन गांवो के संग अभियान बैड़कलां में पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी ने प्रा.पत्र अन्तर्गत धारा 136 RT Act. के तहत् पेश किया। वादी का दावा दर्ज रजिस्टर हो। प्रार्थी ने निवेदन किया कि मौजा–रानीवाल पटवार हल्का बैड़कलां में स्थित कृषि भूमि खाता सं. 06 ख.नं. 175, 177 रकबा 56.8259 हैक्टर में प्रार्थी की संयुक्त खातेदारी की भूमि है। जिसमें प्रार्थीगण चंद्राईदेवी, तेजाराम, पुरखाराम दर्ज है जबकि प्रार्थीगण के अन्य सभी दस्तावेजात में पिता का सही नाम पुकाराम हैं, प्रार्थीगण ने अपने पिता का नाम पुरखाराम के स्थान पर पुकाराम शुद्ध दर्ज किये जाने का निवेदन किया हैं। प्रशासन गांवो के संग अभियान बैड़कलां में मजमा–ए–आम में जानकारी प्राप्त की गई। भू. अ. निरीक्षक बैड़कलां व तहसीलदार जैतारण ने जांच कर, प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें खाता सं. 06 ख.नं. 175, 177 रकबा 56.8259 हैक्टर संयुक्त खातेदारी की भूमि आयी हुई हैं। जिसमें प्रार्थीगण के पिता का नाम पुरखाराम दर्ज है जबकि प्रार्थीगण के अन्य सभी दस्तावेजात में पुकाराम दर्ज हैं, प्रार्थीगण के पिता का नाम पुरखाराम के स्थान पर पुकाराम शुद्ध किये जाने की अभिशंषा की हैं। अतः उपर्युक्त विवेचन के आलोक में प्रार्थी का प्रा. पत्र स्वीकार किया जाता हैं। भू. अ. निरीक्षक लाम्बिया व तहसीलदार जैतारण की अभिशंषा के आधर पर मौजा–रानीवाल पटवार हल्का बैड़कलां में स्थित कृषि भूमि ख.नं. खाता सं. 06 ख.नं. 175, 177 रकबा 56.8259 हैक्टर में प्रार्थी के पिता का नाम पुरखाराम अशुद्ध रूप से दर्ज है को विलोपित करते हुये प्रार्थी के पिता का शुद्ध नाम पुकाराम दर्ज किये जाने का आदेश दिया जाता हैं। तदनुसार राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद किया जावें। आदेशिका की प्रति तहसीलदार, जैतारण को भेजकर पालना मंगवाई जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद तकमील जाब्ता पत्रावली दाखिल दफ्तर/लेख्वा [illegible] जमा हो। (श्याम सुन्दर विश्नोई) उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन [illegible] जैतारण (पाली)	

Signature Not Verified

Digitally signed by Shyam Sundar Bishnoi
Date: 2023.12.11 12:16:58 IST
Reason: SelfAttested